तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

14 जिला रेडक्रास सोसाइटी में बढ़ेगी सदस्यों की संख्या



14 वाटरशेड यात्रा गांव-गांव तक पहुंचा रही जल संरक्षण का ...





## खबर संक्षेप

### रोहिना में धान संग्रहण केंद्र खोलने लगी मुहर

**गिरसा नाला।** बीडीसी सुनीति अशोक साहू की पहल से रोहिना में धान संग्रहण केंद्र राजपत्र में प्रकाशित हो गया। अब इस नवीन सोसायटी रोहिना के खुलने से क्षेत्र के किसानों को दूर जाना नहीं पड़ेगा। रोहिना धोबनीडीह, सोनियाडीह, जुनवानी, हरदी और गिरसा के कृषक आसानी से अपने धान बेच सकेंगे। साथ ही खाद बीज व अन्य सभी कृषि संबंधी सुविधाएं किसानों को मिल सकेंगी। बीडीसी सुनीति अशोक साहू ने किसानों से मंडी संबंधी किए गए वादा को पूरा किया। इससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।



### हनुमान प्रकटोत्सव पर मेला एवं रामायण प्रतियोगिता आज से



**पवनी।** नगर पंचायत में श्री बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर तीन दिवसीय भव्य मेला एवं रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें प्रथम पुरुस्कार 11111 रुपये पवनी ब्रायलर ग्रुप द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 7111 रुपये गणेश किराना स्टोर्स पार्षद वार्ड 5 द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 5111 रुपये श्यामू साहू मंत्री भाजपा युवा मोर्चा द्वारा, चतुर्थ पुरुस्कार 3111 रुपये मयंक कुमार द्वारा, पंचम पुरुस्कार 2111 रुपये हरीश साहू एलआईसी अभिकर्ता द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं फाइनल के दिन उपस्थित प्रत्येक टीम को 1100 रुपये सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। रामायण गायन प्रतियोगिता 10, 11 व 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से होगी। वहीं 12 अप्रैल को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख गलियों से होते हुए हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। श्री बजरंग सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्री हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया जाता है।

### छग पेंशनर्स समाज तहसील इकाई की बैठक आज

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई खरोरा की आवश्यक बैठक पेंशनर्स कार्यालय भवन केशला खरोरा नयागांव रोड में गुरूवार को रखी गई है। बैठक के दौरान पेंशनर्स से आयकर प्रपत्र भरवाये जायेंगे। इसके लिए सभी सदस्यों को आवश्यक जानकारी लेकर आना होगा। कार्यक्रम के दौरान माह अप्रैल में जन्म लेने वाले सदस्यों का सम्मान भी किया किया जावेगा।

### मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज अर्जुनीराज की बैठक आज

**अर्जुनी।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की एक दिवसीय बैठक ग्राम पौसरी में 10 मार्च को रखी गई है। इसमें समाज के विभिन्न विषय एवं बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अर्जुनीराज के राजप्रधान हरिराम वर्मा के उपस्थिति में होगा। साथ ही समाज के पदाधिकारियों से आवश्यक चंदा व प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी, जिस पर राजप्रधान हरिराम वर्मा द्वारा उक्त बैठक में सामाजिक बंधुओं एवं माताओं को उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी अर्जुनीराज मीडिया प्रभारी रुपेश वर्मा द्वारा दिया गया।

# भाजपा सम्मेलन में लवन व लाहोद के सदस्यों ने दिखाई एकता

## सेवा पखवाड़ा का लाभ शत-प्रतिशत लोगों को दिलाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

भाजपा मंडल लवन व लाहोद के सदस्यों का सम्मेलन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार डॉ. सनम जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, जनपद पंचायत बलौदाबाजार अध्यक्ष सुलोचना यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विधि प्रकोष्ठ धनंजय साहू, धनीराम धीवर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के पश्चात किया गया। इसके बाद मुख्य वक्ता तेजराम वर्मा द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक चलने वाली सेवा पखवाड़ा मनाने एवं 11 व 12 अप्रैल को गांव– गांव, घर –घर जाकर राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किया। 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान चलाने, 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने का आह्वान उपस्थित कार्यकर्ताओं से किया। सनम जांगडे ने कहा कि आज केन्द्र से लेकर राज्य, जिला और जनपद पंचायतों में लगभग सभी जगह हमारी सरकार है, इसलिए हम सब की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। आप सब केन्द्र की प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, नलजल योजना, किसान सम्मान निधि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, बीमा

▶▶ शेष पेज 14 पर




### परिश्रम पर जोर

सुलोचना यादव ने संगठन और कठिन परिश्रम पर जोर देते हुए कहा कि हमारी पार्टी जमीन से जुड़ी संघर्ष करने वाली पार्टी है, जिसमे एक चाय वाले भी प्रधानमंत्री बन सकते हैं और एक गरीब किसान का बेटा भी मुख्यमंत्री बन सकता है, इसलिए संगठन से जुड़े रहकर ईमानदारी से काम करें। धनंजय साहू द्वारा भी सभी कार्यकर्ताओं को शासन के सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## श्रद्धांजलि : सिद्धेश्वर युवा मंच ने दी श्रद्धांजलि

# दुर्ग की घटना का पलारी में विरोध, निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दुर्ग जिले में रामनवमी के दिन कन्या भोजन में जा रही 6 साल की मासूम की उसी के चाचा ने ही मानवता को शर्मसार करने वाले घटना को अंजाम दिया। अपनी ही मासूम भतीजी से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी, जिसके विरोध में देर शाम सिद्धेश्वर युवा मंच पलारी द्वारा यूको बैंक पलारी भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। भगत सिंह चौक में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक हितेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हर्षू वर्मा ने उक्त घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि बच्ची के दुष्कर्म और हत्या की घटना अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। ऐसी घटनाएं यह सोचने को विवश करती हैं कि आखिर हमारा समाज किस ओर जा रहा है। मानव के भेष में लोग दानव जैसी हरकत कर रहे हैं। नशापान, संस्कारहीन शिक्षा प्रणाली, लचर कानून व्यवस्था, समाज या बेटियों का शारीरिक रूप से कमजोर होना, ये तमाम कारण इसके पीछे हो सकते हैं। सजा ऐसी हो कि दुबारा ऐसे जघन्य अपराध करने की हिम्मत किसी में न हो। छत्तीसगढ़ में लगातार छोटी-छोटी बच्चियों के साथ रेप और हत्याएं हो रही है। माताएं-बहने और बच्चियां भी सुरक्षित नहीं है। अबोध बच्चियों के साथ घिनौने कृत्य स्वस्थ्य समाज के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। कैंडल मार्च श्रद्धांजलि सभा में रोहित साहू, मनीष चंद्राकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हर्षू वर्मा, सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, झड़ी राम कन्नौजे, यमलोक साहू, साधराम साहू, शेरखान, पार्षद नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, पुनीत निषाद, ऋषि साहू, पुनीत रजक, शिवम मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, बाबा खान, खोमेश वर्मा, गोलू वर्मा, अंकित जोशी, शिवम यादव, तुषार यादव, रोहन, सोहन, शैलेश आदि उपस्थित थे।



# दुकानों में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर की दुकानों में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया, जहां पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 अप्रैल की रात 10 से सुबह 6 बजे के दरम्यान कोई अज्ञात चोर उसके महामाया पारा स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखें 10,200 कीमत का सामान एवं नगदी 200 को चोरी कर लिया ले गया है। इस पर पुलिस ने धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। वहीं एक अन्य प्रकरण में प्रार्थी शेख साजिद कुरैशी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 7 अप्रैल की रात करीबन 10.30 बजे वह घूमने बाहर चला गया था। वापस रात्रि 12.45 बजे आया तो देखा कि उसके तिल्दा रोड स्थित डेली नीड्स के दुकान का शटर खुला है, जिसमें से अज्ञात आरोपी द्वारा दुकान से 400 कीमत का सामान एवं 1100 नगदी रकम को चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया। उपरोक्त दोनों प्रकरणों में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जीवन खरसेन 19 वर्ष निवासी इमामबाड़ा सिमगा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उपरोक्त दोनों दुकानों में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# पांचवी- आठवीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राज्य शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पांचवी एवं आठवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य अब अंतिम चरण में हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया की गति को लेकर शिक्षा विभाग संतोषजनक स्थिति में है, और यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है। मूल्यांकन कार्य की निगरानी कर रही देवांगन शासकीय विद्यालय खरोरा की प्राचार्य रजनी मिंज ने बताया कि सभी शिक्षकों एवं मूल्यांकनकर्ताओं के सहयोग से कार्य सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने मूल्यांकन कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर जोर देते हुए बताया कि बोर्ड के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए मूल्यांकन कार्य हो रहा है। इस मूल्यांकन कार्य में शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, यामीन वर्मा, नर्मदा साहू, नीतू मार्को, कृष्ण कुमार वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, बिशेषर वर्मा, युधिष्ठिर बुड़ेक, हेमलता साहू आदि मूल्यांकन कार्य में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही है। उप प्राचार्य हरीश देवांगन ने सभी शिक्षकों के समर्पण की सराहना की और कहा कि परीक्षाफल घोषित करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी।



# अश्लील मैसेज, फोटो एवं कॉल करने वाला युवक गिरफ्तार

**भाटापारा।** अश्लील मैसेज, फोटो एवं कॉल कर परेशान करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तार आरोपी भाटापारा के वीर नारायण सिंह वार्ड का निवासी है, जो पीड़िता को विभिन्न मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर अश्लील मैसेज, फोटो आदि भेज कर लगातार परेशान कर रहा था।



प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक द्वारा 27 जनवरी से 17 मार्च तक लगातार विभिन्न अज्ञात नंबरों से अश्लील मैसेज एवं भद्दे अश्लील फोटो भेजकर व कॉल कर उसे परेशान किया जा रहा है। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस ने धारा 78(2), 79 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वीर नारायण सिंह वार्ड भाटापारा के 26 वर्षीय हिमांशु देवदास उर्फ आकाश को हिरासत में लिया है तथा आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी जब्त किया गया है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने प्रार्थिया के मोबाइल नंबर पर अश्लील टेक्स्ट मैसेज, चेटिंग मैसेज, फोटो आदि भेजना एवं काल करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया।

# लो वोल्टेज से नपं में बढ़ी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों लोवोल्टेज के कारण लोगों का जीवन बेहाल हो गया है। क्षेत्र के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति में भारी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे घरों में बिजली उपकरणों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पा रहा है। यह समस्या न केवल आम जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सरकारी कार्यालयों में भी कामकाजी प्रक्रिया को बाधित कर रही है। लो वोल्टेज के कारण पंपिंग मशीनों की कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की स्थिति बहुत खराब हो गई है। लोगों को पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई इलाकों में तो पानी की भारी कमी हो गई है, जिससे पीने का पानी भी मुश्किल से उपलब्ध हो पा रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि पानी की भारी मांग है और सप्लाई में कोई सुधार नहीं हो रहा है। स्थानीय निवासी परेशान हैं और उन्होंने प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि यदि यह समस्या जल्द नहीं सुलझाई गई, तो जनजीवन और भी कठिन हो जाएगा। नागरिकों ने यह भी कहा कि नगर पंचायत और बिजली विभाग को मिलकर इस समस्या का समाधान ढूंढना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

■ घरेलू उपकरण भी नहीं कर रहे काम, आमजन हो रहे परेशान

## आयोजन में तीन राज्यों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए

# विश्व बंजारा दिवस पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के महानदी किनारे रामघाट स्थित नायक बंजारा समाज का मंदिर और भवन है, जहां मंचीय कार्यक्रम हुआ। सभी अतिथियों ने विश्व बंजारा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर नायक बंजारा महासभा द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रदर्शन, रैली श्रीराम जानकी, गुरुनानक देव, नायक मंदिर प्रांगण से शुरू होकर नटराज चौक से अम्बेडकर चौक, पुराना रपटा रोड से राम घाट होते वापस मन्दिर पहुंचे, जिसमें उड़िसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से आये महिला पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में नाच गान करते नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अम्बेश जांगड़े थे। अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष गोकुल नायक एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, इंजी.रवि पाण्डेय नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, नरेंद्र कौशिक, सामाजिक कार्यकर्ता सरोज सारथी, राममोहन साहू, गौरव केशरवानी सहित अनेक अतिथि उपस्थित थे।



गुरुनानक देव के तैल्य चित्र पर धूप दीप पुष्प माला अर्पित कर प्रारंभ किया साथ ही महिला समूह द्वारा लड़ी नृत्य एवं पुरुषों द्वारा डंडा और फाग नृत्य व बच्चों द्वारा मनमोहक बंजारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रतिभावान प्रतिभागियों एवं अथितियों मीडिया कर्मियों को गमछा एवं मेमोंटो से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अम्बेश जांगड़े ने समाज को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा की ओर प्रकाश डालने की जरूरत पर जोर दिया। पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने नशापान से समाज को दूर रहने की बात कही। इंजीनियर रवि पांडेय ने शायराना अंदाज में समाज को संगठित रहने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने विश्व बंजारा दिवस पर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान नायक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित नायक सहित आयोजन में मध्यप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के लोग शामिल हुए।

Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned
CTVS Surgeon in Raipur
Apollo HOSPITALS
B - 25, Bagrecha Nursing Home, Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM
For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666



Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS & Heart Transplant Surgeon
Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.
• Aortic valve disease • Coronary artery disease • Sick sinus syndrome
• Atrial Fibrillation • Pericardial effusion • Hole In The Heart
• Cardiomyopathy • Pulmonary Hypertension • Congenital Heart Surgery
Embassy

## खबर संक्षेप

### पॉवर कंपनी के 213 अधिकारियों कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में 213 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। इसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के 13 अधिकारी तथा तृतीय व चतुर्थ वर्ग के 200 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग से ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन व सिविल संकाय के 11 अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कार्यपालक निदेशक के तीन व मुख्य अभियंता के पांच तथा अधीक्षण अभियंता के तीन अधिकारियों को पदोन्नति प्राप्त हुई है। जनरेशन कंपनी से दो मुख्य अभियंताओं को कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### सकरी में दो दिवसीय अखंड सत्संग समारोह 11 से

रायपुर। सतनाम के पुजारी सत्यग्रंथ समारोह समिति द्वारा ग्राम सकरी में दो दिवसीय 11 से 12 अप्रैल तक अखंड सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सतनामी समाज के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी समारोह के अध्यक्ष संतराम नारंग और भंडारी कोमलदास गेंडरे ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सत्संग मंडल शामिल हो सकते हैं, प्रत्येक पार्टी को 1001 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम को कई समितियों का सहयोग मिल रहा है।

### सोशल मीडिया पर विवादित कमेंट से धोबी समाज आक्रोशित

रायपुर। रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के भतीजे अंशु तुलसी रजक ने समाज के लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी कर दी कि देशहा धोबी को झेरिया धोबी तुच्छ समझते थे, अब वही देशहा धोबी व्यक्ति बोर्ड का अध्यक्ष बन गया है, अब उसे झेरिया धोबी समाज के लोग अपने बाप और जीजा समझो। यह बात सोशल मीडिया में आग की तरह फैल गई। समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से संपर्क किया और इस संबंध में उचित कार्यवाही करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को इसके संबंध में सप्रमाण जानकारी दे दी है।

### साईं दर्शन आवासीय समिति का शपथ ग्रहण समारोह

रायपुर। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोह शिल्पकार विकास बार्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी और उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। साथ ही समिति के कार्यकारिणी के सदस्यों में वंदना शर्मा, ज्योति मौर्य, भारती रामटेके और तनु साहू ने भी शपथ ली। इसी दौरान श्री विश्वकर्मा ने यह जानकर प्रसन्नता जाहिर की कि साईं नगर के इतिहास में इसी साल श्री साईं दर्शन आवासीय समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव के साथ ही साथ आधा दर्जन कार्यकारिणी की सदस्य भी कॉलोनी की महिलाएं ही हैं। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में साईं नगर के प्रबुद्धजन विशेषकर महिलाओं, पुरुषों, युवाओं की मौजूदगी रही।

### बैकुंठ सोना के निधन से ओड़िया समाज में शोक

रायपुर। ओड़िया समाज में लंबे समय से समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाकर सामाजिक जागृति में अपनी महती भूमिका निभाने वाले सामाजिक नेता बैकुंठ सोना का मंगलवार को निधन हो गया, जिसके बाद ओड़िया समाज में शोक का लहर है। सामाजिक न्याय कार्यकर्ता व अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, बैकुंठ सोना का आकस्मिक निधन होना समाज की अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई होना निकट भविष्य में असंभव है। उनके निधन पर अधिवक्ता भगवानू नायक, बलमत महानंद आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। नारायण बाघ, प्रकाश जगत, बनमली छुरा, राधे दुर्गा, खाजन क्षत्रि, पारेश्वर बाघ, अजीत कुम्भार आदि।

# 52 हजार सीटों के लिए एक लाख आवेदन, दस्तावेजों की जांच 25 तक


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गई थी।

आरटीई पोर्टल में आई खराबी के कारण इसे कुछ दिनों के लिए बंद किया गया था। इसके कारण लोगों को 8 दिनों का अतिरिक्त समय आवेदन के लिए दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के 6,732 स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर इसके माध्यम से प्रवेश मिलेगा। इन स्कूलों में आरटीई की 51 हजार 978 सीटें हैं। इसके लिए एक लाख 5 हजार आवेदन मिले हैं। आवेदन पूर्ण होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। आवेदन के साथ-साथ नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई थी। नोडल अधिकारियों द्वारा 17 मार्च से दस्तावेज सत्यापन प्रारंभ किया गया था, जो 25 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 1 व 2 मई को लॉटरी निकालकर सीट आवंटन किया जाएगा। जिन छात्रों के नाम सूची में रहेंगे, उन्हें 5 से 30 मई तक का समय दाखिले के लिए मिलेगा।

**खास बातें**

- 31 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल की गई थी आरटीई आवेदन की तिथि
- प्रदेश के 6732 निजी विद्यालयों की 25% सीटों में इसके जरिए प्रवेश




### 31 जुलाई तक सभी चरण पूर्ण

प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण के अंतर्गत स्कूलों की पंजीयन प्रक्रिया 2 जून से प्रारंभ होगी, जो 16 जून तक जारी रहेगी। इसके पश्चात छात्रों को 20 से 30 जून का समय आवेदन के लिए दिया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन 1 से 8 जुलाई तक होगा। 14 व 15 जुलाई को लॉटरी निकालते हुए सीट आवंटित कर दी जाएगी। छात्रों को 18 से 31 जुलाई के मध्य दाखिला लेना होगा। इस तरह से 31 जुलाई तक सभी चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि विलंब प्रवेश के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो।

### वकील को जबरदस्ती पुलिस गाड़ी में थाने ले जाकर मारपीट का लगाया आरोप

# वकील से दुर्व्यवहार, अधिवक्ता संघ ने एसएसपी कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वकीलों ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। संघ के लोगों ने आरोप लगाया है कि एक महिला की गिरफ्तारी के प्रकरण में पूछताछ करने पर तेलीबांधा थाना के कुछ स्टॉफ ने पक्षकार और उसके नाबालिग लड़के तथा दो वकीलों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर तेलीबांधा थाना ले जाकर सभी से गाली-गलौच कर मारपीट की। अधिवक्ता संघ ने इस मामले में एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने इस मामले में जांच के आदेश दिए है। उनका कहना है कि जांच में आरोप अगर सही मिले, तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी, सचिव अरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में करीब दो सौ वकीलों ने कलेक्टोरेट स्थित एसएसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। संघ की ओर से एसएसपी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें संघ के सदस्य हिमांशु ठाकुर एवं अजय कुमार साहू तथा उनके पक्षकार महिला एवं उसके नाबालिग पुत्र के साथ तेलीबांधा पुलिस द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।



### उपनिरीक्षक-सहायक उपनिरीक्षक पर लगे आरोप

पुलिस प्रताड़ना के शिकार हुए वकील हिमांशु ठाकुर एवं अजय साहू ने एसएसपी से की गई लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 अप्रैल को उन्हें एक महिला पक्षकार के परिजनों का फोन आया कि उसे तेलीबांधा पुलिस गिरफ्तार कर एडीएम कोर्ट ले गई है। यह सूचना पाकर वे एडीएम कोर्ट पहुंचे, जहां जाने पर पता चला कि पक्षकार को एक घंटे पहले जेल भेजने का आदेश सुनाया गया है। इसके बाद पुलिस उसे ले गई है। इसी दौरान हिमांशु ठाकुर को पक्षकार के नाबालिग पुत्र का फोन आया कि उसकी मां और वह एडीएम कोर्ट के पीछे वाले रास्ते पर खड़े हैं। वहां जाकर देखा तो पक्षकार पुलिस गाड़ी के बाहर खड़ी थी, वहीं गाड़ी में दो महिला आरक्षक और चालक वर्दी में थे तथा एक व्यक्ति सादे कपड़े में बैठा हुआ था। हिमांशु ने बताया कि उसने जब पक्षकार से जेल भेजे जाने की जानकारी ली, तो उसने बताया कि उसे थाने में बुलाया गया था, लेकिन जब वहां पहुंची तो उसे हिरासत में लेकर सीधे एडीएम कोर्ट ले आए। एडीएम कोर्ट के फैसले के बाद करीब एक घंटे तक पुलिस द्वारा पक्षकार को कलेक्टोरेट परिसर में रोक कर रखे जाने के संबंध में जब हिमांश और अजय ने पुलिस कर्मियों से पूछताछ की, तो इस बात पर वे आक्रोशित हो गए। इस बीच सादे कपड़े में तेलीबांधा थाना की महिला उपनिरीक्षक जिसका नाम चित्रलेखा बताया जा रहा है, वह और उपनिरीक्षक संतोष यादव ने दोनों वकीलों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पक्षकार और उसके नाबालिग पुत्र को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए, जहां करीब दो घंटे तक उन्हें जबरन बैठाए रखा। इस दौरान उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट भी की गई।

### मारपीट में आई चोटें

शिकायत में यह भी कहा गया है कि पुलिस कर्मियों द्वारा की गई मारपीट में पक्षकार व उसके नाबालिग पुत्र को चोट भी आई है। हिमांशु को हाथ-मुक्का के साथ लेदर के पट्टे से भी पीटा गया है। इस दौरान जब वकील और पक्षकार के परिजन थाने पहुंचे, तो उन्हें भी डेढ़ घंटे तक बैठाकर रखा गया।

### सीसीटीवी कैमरे के फूटेज सुरक्षित रखने की मांग

अधिवक्ता संघ ने इस मामले में तेलीबांधा थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज सुरक्षित रखने की भी मांग की है। संघ का कहना है कि मारपीट की पूरी घटना कैमरे में कैद हुई है जो आरोप को सिद्ध कर सकते हैं। इसलिए फुटेज को निकालकर उसकी जांच की जाए।

### जांच की जा रही

वकील के साथ दुर्व्यवहार की अधिवक्ता संघ की शिकायत पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

- लाल उमेद सिंह
एसएसपी रायपुर

# आकर्षक झांकियों के साथ शिवसेना ने निकाली रामनवमी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा राजधानी में मंगलवार को आकर्षक झांकियों के साथ शाम 6 बजे रामनवमी शोभायात्रा निकाली गयी। यह फूल चौक, शारदा चौक जयस्तंभ चौक होते हुए सिटी कोतवाली, सदर बाजार मार्ग से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस फूल चौक में धर्मसभा में तब्दील हुई। जयश्रीराम के जयकारों की गूंज के बीच निकाली गयी इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राजधानी में छत्तीसगढ़ शिवसेना ने विट्ठल मंदिर फूल चौक, नवीनबाजार से पारंपरिक शोभायात्रा छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में निकाली। विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। आकर्षक शोभायात्रा में प्रदेश के सभी जिलों के शिव सेना पदाधिकारी, शहर के 70 वार्ड सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक उत्साह के साथ शामिल हुए। रायपुर महानगर से चूनाभट्ठी, रमण मंदिर, प्रदेश कार्यालय चौबे कालोनी, हांडीपारा, अभनपुर, संतोषीनगर, कुशालपुर, रायपुरा, आरंग, गोंदवारा, स्टेशन चौक, टिकरापारा सहित अलग-अलग विधानसभा से लाई गयी आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।



### झांकी में रामदरबार, हनुमान जी की चित्ताकर्षक छवि ने किया आकर्षित



रंग-बिरंगी रोशनी के साथ शोभायात्रा में शामिल एक से बढ़कर सुंदर झांकियों को देखने लोग उमड़ पड़े। इन झांकियों में रामदरबार की झांकी अनूठी रही। वहीं रामभक्त हनुमान का विराट रूप झांकी में देखने को मिला। धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों पर केंद्रित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई झांकी बरबस ही लोगों को लुभा रही थी। बड़े जतन से इसे मूर्तिकार ने सुंदर जीवंत स्वरूप देते हुए आकार दिया।

### पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन से लोग चकित

*रामनवमी शोभायात्रा में अजब-गजब शौर्य प्रदर्शन को देखने का मौका मंगलवार को राजधानीवासियों को मिला। इसमें एक व्यक्ति की पीठ पर चढ़कर मुंह में साइकिल का पहिया दबाये रोमांचक प्रदर्शन करते करतबबाज आग की लपटों से घिरे पहिये को सधे हुये अंदाज में घुमाते नजर आया। इसी तरह अन्य शौर्य प्रदर्शन देख लोग चकित हुये बिना नही रह सके।*

# पर्यावरण बचाने पहल, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेगी एबीवीपी




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद 24 मई से 2 जून तक कृषि विवि में आयोजित होने जा रही है, जिसमें देशभर से 653 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक की तैयारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रायपुर में अस्थाई कार्यालय की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन मंगलवार को सिविल लाइन स्थित आंबेडकर मंगल भवन में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। रायपुर महानगर की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें बैठक से जुड़ी व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय हुई।

### नवाचार पर जोर

राष्ट्रीय संगठन आशीष चौहान ने कहा कि इस कार्यकारिणी बैठक को पर्यावरण अनुकूल और नवाचारों से परिपूर्ण बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने जीरो प्लास्टिक उपयोग पर विशेष बल देते हुए यह सुनिश्चित करने की बात कही कि पूरे कार्यक्रम में प्लास्टिक का उपयोग न हो। इस बैठक में नवीन प्रयोग और विचारों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे संगठन के कार्य में नई ऊर्जा का संचार हो। इस दौरान उपस्थित छात्रों से छत्तीसगढ़ की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति पर भी चर्चा की और प्रदेश में विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विचार साझा किया। बैठक में प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, व्यवस्था प्रमुख डॉ. अनुज शुक्ला, व्यवस्था सह प्रमुख प्रथम फुटाने सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काम में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ताहीन कार्य के भुगतान पर अधिकारी होंगे दोषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा बैठक में महापौर मीनल चौबे ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों को दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जायेगी। गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान होने पर अधिकारी दोषी होंगे। सभी कार्यों की सतत मानिटरिंग की जाए। बिना प्लानिंग के शहर में किसी भी जगह पेवर लगाने की प्रवृति से बचें। ऐसे स्थानों पर ही धूल से बचाव के लिए पेवर ब्लाक लगवाए जायें जहां पर लोगों की भीड़ ज्यादा होती है। निकास नाली के स्तरहीन कार्य को लेकर महापौर मीनल चौबे बिफर उठीं।

मंगलवार को गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे ने पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यो की समीक्षा करने सभी ठेकेदारों और अधिकारियों की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि पिछली सरकार के समय निकास नाली का स्तरहीन काम होने के बाद भी ठेकेदारों को राशि का भुगतान हो गया। अब ऐसा नहीं चलेगा, बिना प्लानिंग किये



शहर में कहीं भी नाली का निर्माण न करें। जिन बड़े नालों में गोमाता गिर जाती है, उनका चिन्हांकन कर नालियों को कवर किया जाए। मीनल चौबे ने ड्रेन कव्हर में कुछ मुख्य स्थानों जैसे शहर के सभी 70 वार्ड के मुख्य मार्गों सभी महापुरुषों की प्रतिमा और चौराहों का चिन्हांकन कर नालियों को ढकने के कार्य को प्राथमिकता देने निर्देश दिये हैं।

### अधिकारियों से कहा बगीचों के सौंदर्यीकरण की करें मानिटरिंग

महापौर ने शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों के बगीचों का चिन्हांकन कर सौंदर्यीकरण कार्य किये जाने की जानकारी पर कहा कि कुछ उद्यानों में सौंदर्यीकरण का काम बेहद धीमा चल रहा है। अधिकारी खुद बगीचों में जाकर सौंदर्यीकरण कार्य की मानिटरिंग करें। अनुबंधित ठेकेदारों को समय-सीमा में काम पूरा करने की हिदायत दी। मीनल चौबे ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि बगीचों का सौंदर्यीकरण कार्य संबंधित वार्ड के पार्षदों को जानकारी देकर ही किया जाए, बिना जानकारी दिये कार्य न करें।

### एक साथ एक प्लान का अपनाएं फार्मूला

शहर के मुख्य मार्गों में निकास नाली, पेवर ब्लाक लगाने का काम और नालियों को ढकने का काम करने एक सुनियोजित प्लान बनाकर कार्य किया जाए यह काम टुकड़ों में न करके एक प्रापर एरिया में पूरा करने की आदत डालें। महापौर ने ये हिदायत निगम के अधिकारियों को बैठक के दौरान दी। देवेंद्र नगर क्षेत्र में पेवर ब्लाक लगाने के कार्य की धीमी रफ्तार को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार को 15 दिन में काम पूरा करने अल्टीमेटम दिया है। गांधी सदन के सभागार में हुई बैठक में प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर, कार्य के अनुबंधित सभी ठेकेदार उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बढ़ रहे मरीज, सीबीसी मशीन सहित मानव संसाधन बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए यहां सीबीसी मशीन सहित मानव संसाधन बढ़ाने की जरूरत है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में जिक्र किया गया है कि सीएचसी स्तर पर लेब टेस्ट की संख्या बढ़ रही है। इसीलिए यहां उपचार से संबंधित तमाम सुविधाएं बढ़ाने की काफी जरूरत है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री एसपी देवागंन द्वारा स्वास्थ्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि लेब कार्य के अतिरिक्त सामुदायिक स्वा. केन्द्रों में मेडिकल लेब टेक्नोलॉजिस्ट को इनके अधीन समस्त प्राथमिक स्था. केन्द्र से रिपोर्ट का संचालन करना पड़ता है। कार्य की अधिकता को देखते हुए प्रत्येक सामुदायिक स्वा. केन्द्रों में तीन लेब मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट, एक लेब असिस्टेंट व सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। डायग्नोस्टिक स्कीम के तहत जिला, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पैथोलॉजी लैब टेली रेडियोलॉजी सेवाओं के संचालन के लिए आउटसोर्सिंग की जा रही है। अधिकांश स्थानों पर लैब- एक्सरे की जांच सुविधा है मगर इससे संबंधित उपकरण रीएजेंट उपलब्ध नहीं कराया जाता है। इस व्यवस्था को अगर सुधार किया जाए तो आउटसोर्सिंग की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में भेजे जाने वाले उपकरण तथा टेस्ट संबंधित वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने की काफी जरूरत है।

### स्कूल बंद करने की मांग, सीएम को लिखा पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पड़ रही तेज गर्मी और इससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाओं के चलते समाजसेवी और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.राकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर तत्काल स्कूलों को बंद करने आदेश जारी करने की मांग की है। डॉ.गुप्ता ने मांग करते हुए खत में लिखा है कि, इन दिनों तापमान बहुत ज्यादा बढ़ गया है और आने वाले दिनों में यह और भी बढ़ने वाला है। सुबह 10 बजे के आसपास धूप इतनी तेज हो जाती है कि बच्चों के लिए बाहर रहना मुश्किल हो जाता है। छोटे बच्चे इस गर्मी को झेल नहीं पा रहे हैं और कई जगहों से खबर आ रही है कि बच्चे बीमार हो रहे हैं।

# बंद खातों के जरिए एक करोड़ 65 लाख के फर्जी लोन निकलवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने गरियाबंद जिले के राजिम में इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा की तत्कालीन सहायक प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही को गिरफ्तार किया है। बैंक अधिकारी पर आरोप है कि उसने बैंक में धारकों के बंद पड़े खातों के जरिए एक करोड़ 65 लाख रुपए के फर्जी ज्वेल लोन निकलवाकर रकम को गबन किया है। इस मामले में मंगलवार को महिला अधिकारी को ओडिशा के बरगढ़ नगर से गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। मामले में महिला अधिकारी से पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एसीबी-ईओडब्ल्यू ब्यूरो ने इस मामले में जनवरी 2023 में केस दर्ज किया था। इसके तहत इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा राजिम की तत्कालीन सहायक प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही पर आरोप था कि उसके सेवा



कार्यकाल में बैंक में कई धारकों के बंद खातों के माध्यम से फर्जी ज्वेल लोन निकाले गए हैं। ये लोन लगभग 1 करोड़ 65 लाख रुपए के हैं। फर्जी खातेधारकों के नाम पर निकाली गई लोन की राशि को बैंक अधिकारी द्वारा गबन किया गया है। इस केस में ब्यूरो ने अंकिता को बरगढ़ ओडिशा से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ब्यूरो को संदेह है कि यह और बड़ा फर्जीवाड़ा हो सकता है।

# भक्ति गीतों के मध्य परोस रहे शराब पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

यूथ कांग्रेस ने देर रात तक क्लब में नियम विरुद्ध परोसी जा रही शराब सहित अन्य नशीली सामग्री को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर के हाईप्रोफाइल क्लबों की आड़ में चल रहे देह व्यापार व नशे के खिलाफ युवा कांग्रेस ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हाई-फाई क्लब सहित अन्य क्लब में देह व्यापार संग नशे का कारोबार भी चल रहा है। इससे संबंधित वीडियो भी यूथ कांग्रेस सदस्यों ने पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। यूथ कांग्रेस सदस्यों ने पुलिस की भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। उनका कहना है, शासन द्वारा क्लब के लिए समय-सीमा रात्रि 12 बजे तय की गई है।



इसकी खुलकर अवहेलना हो रही है। पुलिस की मिलीभगत से सुबह 5 बजे तक खुलेआम शराब परोसी जाती है और सूखे नशे का सेवन कराया जाता है। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के साथ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शान्तनु झा, लक्षित तिवारी, शुभम दुबे, विमल साहू, संस्कार पांडे, आशीष, शिवम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**खबर संक्षेप**

### सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद।** सुशासन तिहार-2025 में सौंपे गए दायित्वों का पालन नहीं करने के संबंध में सहायक ग्रेड 02 राजेश प्रधान घुंचापालीकला, (बागबाहरा) को अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने जारी नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन 08 अप्रैल 2025 से किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनों से मांग/ शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु आपकी ड्यूटी ग्राम पंचायत घूंचापालीकला में लगाई गई है। 08 अप्रैल को क्लस्टर प्रभारी द्वारा भ्रमण के दौरान वे अनुपस्थित पाये गये एवं रोजगार सहायक द्वारा आपके अनुपस्थिति के संबंध में पुष्टि की गई। आपका यह कृत्य उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का प्रतीक और सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (3) (1) के विपरीत है। प्रधान को अपना जवाब तीन कार्यालयीन दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। अनुविभागीय अधिकारी, बागबाहरा उमेश साहू ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी सुशासन तिहार में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन भली भांति और जिम्मेदारी पूर्वक करना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार कारवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कलेक्टर विनय लंगेह ने सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### हनुमान प्राकट्य दिवस पर चर्रा में शोभायात्रा निकलेगी

**कुरूद।** इस वर्ष भी श्री हनुमान प्राकट्य दिवस पर 12 अप्रैल को श्री दक्षिणमुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर बजरंग चौक चर्रा में सुबह पूजा, आरती हवन यज्ञ, 12 बजे सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ, प्रसादी भण्डारा और भव्य शोभायात्रा रामदरबार झांकी के साथ निकाली जायेगी जो ग्राम भ्रमण के बाद वापस श्री दक्षिणमुखी पंचमुख हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी।

## कुपोषण मुक्त भारत : अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम

# पोषण पखवाड़े के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

'कुपोषण मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

आयोजन अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति, स्वास्थ्य, खान पान और व्यक्तिगत सफाई आदि से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर आज शहरी परियोजना अंतर्गत संजय नगर वार्ड और विश्वकर्मा नगर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जन सहभागिता अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर परियोजना के तहत प्रवीण जैन, योगेंद्र साहू और स्वयं सेवी संस्था मन्नत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अंजिता सबलोक, समर्थ और पर्व सबलोक मौजूद थे। गौरतलब है कि एसबीआई द्वारा इन केंद्रों को गोद लिया गया है।




यहां विभिन्न जन-जागरूकता एवं सुपोषण चौपाल लगाकर गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर शहरी पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि पखवाड़े के तहत संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, शिशु एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा गली मोहल्लों में जाकर हाथ धुलाई की छह चरणों का प्रदर्शन किया गया और व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल जानकारी प्रदान करना है, बल्कि व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर कुपोषण को स्थायी रूप से समाप्त करना है।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद ओमीन कागजी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू चंद्राकर, रूपा भारती, ललिता, सावित्री, भारती, आंगनबाड़ी सहायिका ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिनों में पोषण रैली, जनसंवाद, पोषण आधारित खेलकूद व जागरूकता शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनाया जाएगा।

# 78 जरूरतमंदों के लिए 10-10 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 78 जरूरतमंदों के लिए चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु 10-10 हजार रुपए के मान से कुल 7 लाख 80 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें बसना विकासखंड अंतर्गत चिकित्सा के लिए बसना के मनोज साहू, दिग्विजय सिंह, गिरधारी परमार, ग्राम हबेकांटा के समीर बेहरा, त्रिलोचन भोई, बरडीह के योगेश कुमार, कुड़ेकेल के रविंद्र साव, पदरडीह के जयप्रकाश लोहा, बाराडोली की ज्योति जगत, सराईपाली के प्रमित साहू, संकरी के नरसिंग मांझी, छोटेडाभा के प्रकाश साव, बड़ेलोरम के तुलाराम नायक, सिंघनपुर की सिंधु कुमारी भोई, बंसुला के उपेंद्र साव, धनापाली के कमलध्वज पटेल, बरगांव के राजेश प्रधान, संकरी के मोहित पटेल, नौगड़ी के मोहरसाय ओगरे, बिजराभांठा के संतलाल नायक, कमलीदादर के टिकेश्वर सिदार, अंकोरी के महेन्द्र प्रधान, गढ़फुलझर के हरजिंदर सिंह, कुरचुंडी के भोजकुमार साव, रसोड़ा के बसंत कुमार बारिक, बरडीह के रोहित प्रधान, गुढ़यिारी के रणजीत नायक एवं ग्राम सोनामुंदी के खोलबाहरा निराला हेतु तथा शिक्षा के लिए ग्राम बंसुला के त्रिदेव पटेल, चिमरकेल की अर्चना विश्वास, बसना के प्रेमसागर दास, बिंटागीपाली के मुकुंद साव, गढ़पटनी के लाला अमरनाथ के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पिथौरा विकासखंड अंतर्गत चिकित्सा हेतु ग्राम बड़ेलोरम के तुलाराम नायक, गिरना के विनोद बारिक, सुखीपाली के पदुम साहू, सुधीर प्रधान, गौरिया के रसीक प्रधान, सांकरा के सोनु छाबड़ा, विजय चौधरी, विक्रम अग्रवाल, सपोस के कमलेश डड़सेना, डोंगरीपाली के प्रहल्लाद बुड़ेक, सलडीह के विवेकानंद सतपथी, पिरदा के शिशुपाल प्रधान, ताला के बीरेंद्र प्रधान, भीखापाली के गोपाल गढ़तिया, तिलकपुर के भरत चौधरी, जगदीशपुर के मंजीत कन्हेर, लाखागढ़ के लक्ष्मी दीप, लावामौहा के खेमसागर नायक, पिरदा के ललित साहू, ग्राम पथरला के अजय प्रधान, जबलपुर के श्यामलाल पटेल, लाखागढ़ के बालमुकुंद साहू, गोपालपुर के तरूण सोनी, अमलीडीह के चमन सेन, जम्हर के रामेश्वर दास, खुसरूपाली के ओमप्रकाश दीवान, भिथिडीह के परशुराम कन्नौजे, मुरलीधर यादव के लिए तथा शिक्षा हेतु ग्राम रामपुर के यादराम रातड़े, सांकरा के राकेश दास, किशनपुर के सतीश प्रधान, जगतराम प्रधान, शोभाराम बरिहा, गोपालपुर के मुकुंद यादव, सुखीपाली के कन्हैया प्रधान, प्रेमशंकर प्रधान, भीखापाली के रेशमलाल प्रधान, चनौरडीह के ज्ञानेश साहू, सल्डीह के श्वेतराम प्रधान, ढोढरकस के संपत प्रधान, पिथौरा के सतप्रीत सलुजा, जतिन ठक्कर, कोमल मोहंती, सचिन रोहिल्ला के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

# बारनवापारा में सुशासन तिहार 2025 का रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- **जनपद सदस्य दुर्गावती ठाकुर ने फीता काटकर की शुरुआत,**

सुशासन तिहार 2025 के तहत तीन चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंगलवार, 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन बार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 कसडोल दुर्गावती ठाकुर ने सरपंच-पंचों की उपस्थिति में फीता काटकर किया।



सुशासन तिहार के पहले चरण में लोगों से उनकी मांगों व शिकायतों के आवेदन पत्र पंचायत भवन में स्थापित पत्र पेटी के माध्यम से प्राप्त किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 13 अप्रैल से लेकर माह के अंत तक इन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

अब तक दो दिवसों में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें पहले दिन 2 और दूसरे दिन 43 आवेदन शामिल हैं। कार्यक्रम की सफलता हेतु पंचायत सचिव सुनैना चौहान को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत अधिकारियों का गांव-गांव निरीक्षण भी प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को एसडीएम राम रतन दुबे ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ सीईओ जनपद पंचायत कमलेश साहू, तहसीलदार निवेश कुरेटी, क्लस्टर अधिकारी दुष्यंत आडिल, चैतन्य अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और शासन की पहल को जनहित में उपयोगी बताया।

### आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** महासमुंद विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप ग्राम सरपंच पार्वती पटेल अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद एवं विशेष अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक राजू देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर की गई। कक्षा छठवीं की छात्रा रश्मि, रागिनी, पूनम कोमल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल से तिलक लगाकर एवं बुके, श्रीफल भेंटकर किया गया। स्वागत एवं विदाई गीत रागिनी, आरती एवं यामिनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण शाला के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर एवं मंच संचालन यामिनी सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किए गए। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा अपने उद्बोधन में माता-पिता और गुरु का सम्मान करने की बात कही गई। शिक्षक अमर साहू ने अपने विचार में विद्यार्थियों को जीवन के नये मार्ग एवं उच्च शिखर में बढ़ने हेतु प्रेरित किया। सरपंच पार्वती पटेल ने छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास को लेकर प्रेरणादायक बातें कही एवं उनके द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा आठवीं में प्रथम आने वाले विद्यार्थी को 1001 रुपए की पुरस्कार देने की घोषणा की गई। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें गुब्बारा फुलाओ, फूला गुब्बारा बचाना, आंख बंद कर मेकअप करना, पर्चियों के माध्यम से कलाकारों के डायलॉग, गीत, महापुरुषों के प्रेरक नारे, सुविचार आदि प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। सभी विद्यार्थी को फाइल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा संस्था को स्मृति चिन्ह के रूप में विद्या की देवी माता सरस्वती की मूर्ति भेंट किया गया।

# नगर पालिका उपाध्यक्ष राठी ने राजस्व वसूली की जानकारी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर से राजस्व विभाग की वसूली की जानकारी ली। 31 मार्च तक पुराना और वित्तीय वर्ष की वसूली 751 लाख में मात्र 321 लाख रुपए के लगभग हुई जो 50 प्रतिशत से भी कम है। प्रभारी को निर्देश दिया गया कि छग शासन ने वसूली के लिए 1 माह का समय बढ़ाया है। इस माह के अंदर ज्यादा से ज्यादा वसूली संपत्ति व समेकित कर की करें। श्री राठी ने छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का धन्यवाद ज्ञापित किया कि पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों की वसूली के लिए एक माह का अतिरिक्त समय दिया गया अब एक माह तक वसूली में अतिरिक्त भार नहीं लगाया जाएगा। पहली बार जनता को टैक्स जाम करने में छूट मिली है। पिछली कांग्रेस सरकार ने किसी प्रकार की छूट नहीं दी थी। शहर में जलकर की बकाया ज्यादा है। जल विभाग से वसूली पर ध्यान देने कहा। राठी ने शहर की जनता से अपील करते हुये कहा कि छग शासन ने संपत्ति कर वसूली में एक माह का इजाफा किया है, ऐसे में शीघ्र ही अपने जलकर, समेकित व सम्पत्ति कर जमा कर नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।

# सुशासन तिहार 2025 के पहले दिन महासमुंद में 11940 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 की शुरुआत महासमुंद जिले में जबरदस्त उत्साह और भागीदारी के साथ हुई। पहले ही दिन जिले भर से कुल 11, 940 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश नागरिकों की मांगों, जनसेवाओं और सुविधाओं से संबंधित रहे। खास बात यह रही कि शिकायतों की संख्या बेहद कम रही यह इस बात का प्रतीक है कि आम जनता सरकार की योजनाओं और कार्यप्रणाली में भरोसा जता रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरे जोश के साथ जारी है, जो 11 अप्रैल तक चलेगी। यह आयोजन न सिर्फ शासन और जनता के बीच सेतु बन रहा है, बल्कि एक सक्रिय, जवाबदेह और भरोसेमंद प्रशासन की ओर कदम भी है। जनपद पंचायत महासमुंद में 3232, जनपद पंचायत सरायपाली में 2625, जनपद पंचायत पिथौरा में 2413, जनपद पंचायत बागबाहरा में 1525 और जनपद पंचायत बसना में 1532 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार से नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों में नगर पालिका परिषद महासमुंद अंतर्गत 72 आवेदन, नगर पालिका परिषद सरायपाली में 65, नगर पालिका परिषद बागबाहरा में 78, नगर पंचायत तुमगांव में 14, नगर पंचायत बसना में 206, नगर पंचायत पिथौरा में 104 और कलेक्टर कार्यालय महासमुंद में 74 आवेदन प्राप्त हुए। इस अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना है। पहले दिन प्राप्त आवेदनों से यह स्पष्ट है कि सुशासन तिहार जनता से सीधे संवाद और समाधान का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है।



# रामायण हमें सिखाता है पुत्र व भाई का कर्तव्य पालनः निखिलकांत

## ग्राम मोरधा के मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मोरधा में त्रिदिवसीय मानस गान समारोह का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्व प्रथम आयोजन स्थल पर श्री साहू का आयोजन समिति के पदाधिकारियों व युवाओं ने भव्य स्वागत किया।

भगवान श्री रामचंद्र की पूजा कर नपाध्यक्ष ने क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में श्री राम चरित मानस जैसे भक्तिमय आयोजनों की महती आवश्यकता है। आज युवा पीढ़ी नशे जैसे बुराई के गिरफ्त में आकर अच्छे बुरे का पहचान भूल चुके हैं। नशा एक सामाजिक बुराई है, इससे घर परिवार तो बर्बाद होता ही है, साथ ही समाज में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे समय में भगवान श्री राम तथा रामायण के पात्रों के चरित्र से हमें सीखने की जरूरत है। आज बेटा अपने पिता को आंख दिखाता है, भाई–भाई में संपत्ति के लिए विवाद हो रहे हैं। ठीक इसके विपरीत रामायण के पात्र महात्मा भरत से हमे भाई का कर्तव्य, त्याग, समर्पण और भाई के प्रति प्रेम की सिख मिलती है। महात्मा भरत ने भैया राम के लिए राज गद्दी त्याग कर स्वयं तपस्वियों की भांति 14 वर्ष तक जीवन व्यतीत किया। वहीं पिता की आज्ञा का पालन करना भगवान श्री राम हमें सिखाता है। उन्होंने अपने पिता महाराज दशरथ के वचन की लाज रखने 14 वर्ष का वनवास काटा। भैया लक्ष्मण भी त्याग की प्रतिमूर्ति है।



श्री साहू ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में रामायण का अनुसरण करना अनिवार्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद साहू पूर्व सदस्य जिपं, डॉ परमानंद साहू, चंपेश्वरी हेमंत साहू सरपंच, ईश्वर साहू, राजू साहू पूर्व पार्षद, रत्नेश साहू, कुणाल सेन, आकाश ठाकुर, आशीष सिक्का सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जायेगा। जसबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। करीब 32 वर्ष पहले ग्राम के जसबीर सिंह गुरुदत्ता, कृष्णमोहन अग्रवाल, धनीराम विश्वकर्मा एवं गांव के अन्य सहयोगियों द्वारा यह जन्मोत्सव प्रारंभ किया गया था।

# स्काउट गाइड जिला संघ ने किया प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** बुधवार को डा.सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के दिशानिर्देशन के परिपालन एमआर सावंत जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त एस व अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड के मार्गदर्शन में श्रीराम पूर्व माध्यमिक शाला पिटियाझर महासमुंद के सामने बजरंग बली मंदर के पास में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, जिला उपाध्यक्ष गण, एस चंद्रसेन, जय पवार, आनंद साहू , सुधा साहू, ताराचंद चांडक द्वारा सभी ने मिलकर प्याऊ घर का फीता काटकर शुभारंभ किया । विदित हो कि ग्रीष्मकालीन समय में ग्रामीण जन एवं राहगीर बड़े तादाद में प्रतिदिन शहर में आकर स्वच्छ जल के लिए तरस जाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला एवं नगर स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद विगत कई वर्षों से वरिष्ठ स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत दो माह प्याऊ सेवा केंद्र चला कर सेवा करते हैं। इस प्याऊ सेवा केंद्र में श्रीराम पाठ शाला के स्काउट्स एवं गाइड्स लीनू चंद्राकर डीओसी के मार्गदर्शन में बारी-बारी से राहगीरों पानी पिलाने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष येत राम साहू ने अपने उद्बोधन में स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स के प्याऊ सेवा केंद्र में सेवा कार्य को अनुकरणीय व सराहनीय कदम बताया साथ ही राहगीरों को इस भीषण गर्मी में पीने योग्य जल भी उपलब्ध होगा किसी प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर महेंद्र सिक्का, उत्तरा प्रहरे, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे पूर्व जिला सचिव राम कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीलू चंद्राकर, पूर्व डीटीसी मधु शर्मा, उर्मिला मरकाम प्रधान पाठक माध्यमिक शाला श्रीराम एवं कुंती देवांगन, यशोदा तिवारी, लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी, किशोर देवांगन, चमेली चंद्राकर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, हेमंत चक्रधारी, देव ध्रुव में साथ श्रीराम पाठशाला एवं सेजेस नयापारा के स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित रहे। उक्त विज्ञप्ति जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे एवं जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर ने संयुक्त रूप से दिया।

# मानस गान सम्मेलन में सीता हरण प्रसंग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। 9 अप्रैल को शिव राम मानस मंडली एवं महर्षि वाल्मीकि मानस मंडली एवं सुर गंगा मानस मंडली एवं जय मां खललारी मानस मंडली एवं भगवान भरोसा मानस मंडली की टीकाकार ने लोगों को सीता हरण की टीका बताते हुए कहा मारीच की मदद से सीता का अपहरण किया था। रावण ने पहले मारीच को सोने के हिरण के रूप में भेजा, जिससे राम और लक्ष्मण उसका पीछा करने चले गए, और फिर रावण ने सीता का अपहरण कर लिए यहां सीता हरण की घटना का विवरण दिया गया है। रावण ने अपने मामा मारीच के साथ मिलकर सीता को हरण करने की योजना बनाई थी। मारीच ने सोने के हिरण का रूप धारण किया और राम और लक्ष्मण को वन में ले गया।

लक्ष्मण ने अपनी लक्ष्मण रेखा को सीता की रक्षा का दायित्व सौंपा और लक्ष्मण ने कुटिया के चारों ओर लक्ष्मण रेखा खींची। और जब राम हिरण का पीछा करने गए, तो रावण ऋषि के वेश में आया और माता सीता को हरण कर लिया।

पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में जुटे हुए हैं अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानिक यादव, अर्जुन चंद्राकर, गजधर चंद्राकर, मोती लाल चंद्राकर, लता चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर, कुमारी बाई, संतोषी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, आज मंच का संचालक नेहा चंद्राकर के द्वारा किया गया।



**खबर संक्षेप**

## मोहरा में तीन दिवसीय रामायण शुरू



**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा में श्रीराम भक्त परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामायण समारोह की शुरुआत हुई। यह धार्मिक आयोजन 8 से 11 अप्रैल तक चलेगा, इसमें श्री मानस मण्डली द्वारा राम कथा की संगीतमय प्रस्तुति दी जा रही है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू नववर्ष, रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव का संयुक्त रूप से पावन उत्सव मनाना है। समारोह के अंतिम दिन 12 अप्रैल बुधवार को एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। शोभायात्रा में झांकियां, भजन–कीर्तन, ध्वनि यंत्र और पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु ग्रामवासियों के बीच आकर्षण का केंद्र रहेंगे।श्रद्धालु एकत्र होकर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन कर रहे हैं। इस मौके पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं बढ़ी संख्या में शामिल हुईं। आरती के दौरान सभी की आंखों में भक्ति और आस्था की झलक दिखाई दी। आयोजन स्थल को रंग–बिरंगे कपड़ों, फूलों और भगवान श्रीराम की झांकी से सजाया गया है।

**पेज 11 का शेष**

## भाजपा सम्मेलन में...

सुरक्षा योजना जैसी सैकड़ों योजनाओं के साथ राज्य की महतारी वंदन योजना, दो साल की बकाया धान बोनस की भुगतान 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपये मे खरीदी जैसी योजनाओं को घर घर जाकर बताने एवं इसका लाभ आम जनता को दिलाने की बात कही। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गिरधारी वर्मा, विजय यादव, अनुपम बाजपेयी, रामलाल कुर्रे, शिव मंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत, नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन, प्रशांत यादव महामंत्री युवा मोर्चा जिला बलौदाबाजार, कलीराम पैकरा, भुलाउ राम डहरिया, फूलसाय साहू, रमन साहू, पारस ताम्रकार, समविवेक मानिकपुरी, शत्रुहन जायसवाल, देवलाल साहू, बंशी चेलक, बुधराम साहू, श्रीचंद साहू, योगेश साहू, योगेश पाण्डेय, चूड़ामनी सिंघम, गायश्वर साहू, भारतभूषण साहू, ओमप्रकाश साहू, पंकज अग्रवाल, राजेंद्र मानिकपुरी, शिव वर्मा, दिनेश सांगले, विमल खूंटे, रामानन्द डौडिया सहित लवन एवं लाहोद मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**निधन**

### राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा



**पलारी।** नगर के वार्ड 11 निवासी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा 81 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया, जहां स्वजनों के अलावा आत्मीयजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे सुभाषचंद्र मिश्रा के बड़े भैया, संजय और अजय मिश्रा के पिता तथा नोमित, नैना मिश्रा के दादा थे।

### रामचरण पटेल



**गिधौरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी निवासी रामचरण पटेल का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल हुए एवं मृत आत्मा के शान्ति के लिए प्रार्थना की।

# जिला रेडक्रास सोसाइटी में बढ़ेगी सदस्यों की संख्या

## रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रबंधकारणी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला रेडक्रास सोसाइटी प्रबंधकारणी समिति की पहली बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिला रेडक्रास सोसाइटी में सदस्य संख्या बढ़ाने, रक्तदान शिविरों का आयोजन एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए कैलेंडर तैयार करने पर सहमति व्यक्त की गई।

बैठक में निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आगामी कार्यक्रमों हेतु कैलेंडर अनुसार कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्व पृथ्वी दिवस, टीकाकरण सप्ताह, मलेरिया दिवस, अस्थमा दिवस, विश्व नशा मुक्ति दिवस जैसे विशेष दिवसों के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से कार्यक्रम करने को कहा। डोनेशन कैम्प गतिविधियों को बढ़ाने, दान दाताओं की सूची अपडेट करने तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज की व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर निगरानी रखने पर भी जोर दिया। ऐसे व्यक्ति जो लगातार अपना रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। टीबी के जो मरीज दवाई खा रहे हैं उनके निक्षय मित्र बन फूड बास्केट देने पर भी उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सहमति जताई। गर्मी को देखते हुए रेडक्रॉस के जरिए प्याऊ खोलने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। कलेक्टर ने निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।




### बैठक में गिनाई गई जिला शाखा की गतिविधियां

बैठक में जिला शाखा की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। अब तक कुल 398 आजीवन सदस्य बनाये गए हैं, जबकि 13 संरक्षक 17 उप संरक्षक सदस्य हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा अंतर्गत जिले के सीमेंट फैक्ट्री एवं शासकीय चिकित्सालय में कुल 18 रक्तदान शिविर लगाए गए, जिसमें से 580 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके साथ ही संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी एक्सप्रेस एवं शासकीय तथा निजी चिकित्सालय के एंबुलेंस ड्राइवर एवं नगर सैनिकों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी ने अब तक 250 टीबी के मरीजों को फूड बास्केट भी वितरित किया। राज्य स्तर पर आयोजित जंबूरी प्रतियोगिता में जिले में प्रदर्शनी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर दो मरीजों को क्रमशः 15 हजार एवं 40 हजार रुपए की सहायता भी उपचार हेतु प्रदान की गई।

**राहत : न्यायालय से स्वीकृति मिलने पर 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को प्रदान की गई राहत**

# राजनीतिक कार्यकर्ताओं को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए दंडित नहीं किया जाएगा : गृहमंत्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर–गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। बलौदाबाजार जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। नितिन सोनी, चितावर जायसवाल, रोहित साहू, सलमान शेख, कमल भारद्वाज, सतीश पटेल, प्रकाश शर्मा और संकेत शुक्ल द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिसे न्यायालय द्वारा 8 मार्च को वापस लिया गया। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नीति हमेशा यही रही है कि राजनीतिक कारणों से किसी भी निर्दोष व्यक्ति को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए। इसलिए हमारी सरकार ने निष्पक्षता के साथ इन मामलों की समीक्षा कर ऐसे सभी गैर–गंभीर मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया है।

### गृह विभाग लेता है निर्णय



राजनीतिक प्रकरणों की वापसी एक विस्तृत और कानूनी प्रक्रिया के तहत की जाती है। सबसे पहले राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में दर्ज राजनीतिक प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। गृह विभाग द्वारा संबंधित जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाता है कि कौन–से मामले गंभीर प्रकृति के नहीं हैं और जिनमें हिंसक घटनाएं शामिल नहीं हैं। इसके बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा उपरांत, प्रकरण को मंत्रिपरिषद में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाता है। अनुमोदन प्राप्त होने के बाद न्यायालय में प्रकरण वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया जाता है। न्यायालय द्वारा इस मामले की विधिवत समीक्षा के उपरांत अभियुक्तों को राहत प्रदान करने की अनुमति दी जाती है।

### न्यायालय की स्वीकृति मिलने पर हटाये जाते हैं नाम

न्यायालय की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से अभियुक्तों के नाम हटा दिए जाते हैं और उन्हें विधिवत मुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। शासन स्तर पर इस निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान हो और राजनीतिक गतिविधियों के कारण उत्पन्न कानूनी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह

*उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और किसी भी नागरिक के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्णय न केवल न्यायसंगत है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। हमारी सरकार पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन में विश्वास रखती है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जो प्रकरण कानून–व्यवस्था को प्रभावित करने वाले या हिंसक गतिविधियों से जुड़े हुए थे, उनकी समीक्षा अलग प्रक्रिया के तहत की गई है, लेकिन जिन मामलों में केवल राजनीतिक विरोध या लोकतांत्रिक आंदोलन हुआ था और किसी प्रकार की हिंसा नहीं हुई थी, उन्हें न्यायालय से स्वीकृति प्राप्त कर वापस लिया गया है। हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है, हम जनता के हक की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की भावना को मजबूत करेंगे और राजनीतिक द्वेष के आधार पर लिए गए निर्णयों को सुधारेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार जनता की सरकार है और हम किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर बेवजह कानूनी बोझ नहीं डालने देंगे।*

## सुशासन तिहार में सुआ नृत्य बना जागरूकता का माध्यम



**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार को जन–जन तक पहुंचने जिला प्रशासन द्वारा जोर–शोर से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें रैली, साइकिल रैली, मुनादी, दीवाल लेखन आदि शामिल हैं, लेकिन ग्रामीण अंचल में सुआ नृत्य जनजागरूकता का सशक्त माध्यम में उभर रहा है। बुधवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कुसमी में बिहान की महिला स्व सहायता समूहों द्वारा सुवा गीत व नृत्य के माध्यम से सुशासन तिहार को लोगों तक पहुंचाया। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक लोक नृत्यों में पंथी, राउत नाचा, कर्मा, पंडवानी, सुवा, सैला, गेंड़ी आदि शामिल हैं। यह नृत्य विभिन्न समुदायों द्वारा त्योहारों और उत्सवों के दौरान किए जाते हैं और वे क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आवेदन प्राप्ति स्थल पर लोगों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृव में जिले में गठित स्व सहायता समूह (बिहान) द्वारा संकुल संगठन स्तर, ग्राम संगठन स्तर, पंचायत स्तर पर दीवाल लेखन, सुशासन नारे, रैली, घर–घर दस्तक अभियान का सफल आयोजन किया जा रहा है एवं आमजन को अवगत कराने प्रचार– प्रसार किया जा रहा है। बिहान के कैडर द्वारा प्रत्येक पंचायत में सुशासन तिहार का शुभारंभ किया गया।

## मनुष्य तन जैसे मन को भी साफ रखें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा

■ कोलिहा में कृष्णा पांडे की भागवत कथा जारी

ग्राम कोलिहा के वर्मा परिवार में रामकुमार सरोजिनी बाई वर्मा के यहां चल रहे भागवत कथा के पंचम दिवस कथा वाचक तलाश कृष्णा पांडे ने कहा जैसे हम शरीर को साफ रखने के लिए अनेक उपाय करते हैं, लेकिन मन को साफ रखने के लिए उपाय नहीं करते, मन पावन होता है, कथा सुनने से ज्ञान भक्ति और वैराग्य पुण्य होता है, इसलिए कथा बार–बार श्रवण करना चाहिए। तलाश कृष्णा पांडे ने कृष्ण की बाल लीला मन सुखा तन सुखा की माखन चोरी शेषनाग मरदन की कथा सुनायी, कथा सुनकर भक्तजन भाव विभोर हो गए। श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ के पांचवें दिन प्रवचन सुनने के लिए यजमान परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज रान राज के पूर्व अध्यक्ष गिरवर प्रसाद वर्मा, रामावतार वर्मा, रामसनेही वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक रूप सिंह वर्मा, वंश वर्मा, श्यामा बाई, पुष्पा बाई, सुंदरी, जगमत बाई, रुक्मणी, सचिव सीमा वर्मा, राजकुमारी वर्मा, राम सुंदरी वर्मा, वयाश वर्मा, रामगोपाल, शिवगोपाल, हीराराम सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## सामाजिक समरसता और नारी शक्ति की प्रेरणा हैं मां कर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

■ कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह शामिल हुए विधायक संदीप

ग्राम डमरू में साहू समाज द्वारा बुधवार को मां कर्मा माता जयंती एवं सम्मान समारोह और शपथ ग्रहण का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग और क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति रही। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विधायक संदीप साहू ने मां कर्मा माता के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा मां कर्मा माता केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और नारी शक्ति की प्रेरणा हैं, उनके जीवन से हमें सेवा परोपकार और कर्म की प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को बल मिलता है। विधायक संदीप साहू ने समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और सम्मानित किए गए समाजसेवियों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि धनंजय साहू, देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, जिला पंचायत सदस्य अंजली विमल साहू, प्रेम नारायण साहू, जनपद सदस्य प्रमिला साहू, सरपंच बंशी साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि विक्रम साहू, डॉ. टेकराम साहू, रामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## नगर में सीसी रोड का भूमिपूजन...



**सिमगा।** नगर पालिका सिमगा के वॉर्ड 10 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद संजय कोसले शामिल हुए। इस अवसर पर रोहित कुर्रे, रवि मार्कण्डेय, गोलू रजक, सत्कुमार मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।

## आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4–4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत 9 अप्रैल को यह स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में छन्नु पिता नोहर सिंह, निवासी ग्राम बोड़तारा, तहसील भाटापारा, हरियर बाई मानिकपुरी पति स्व. शिवलाल मानिकपुरी, निवासी ग्राम मिरगिदा, तहसील सोनाखान एवं जय कुमार पिता गोपाल निषाद निवासी ग्राम तुरमा तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

**मटिया और सुकली में कार्यक्रम के दौरान रंगोली, ड्राइंग, सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता हुई**

# वाटरशेड यात्रा गांव-गांव तक पहुंचा रही जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



कृषि विभाग द्वारा जिले के पीएमकेएसवाय 2.0 कसडोल में वाटरशेड यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम मटिया में रैली निकालकर भूमिपूजन कार्य, सुकली में पानी की पाठशाला के साथ–साथ रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक नृत्य, शपथ ग्रहण तथा जल एवं मृदा संरक्षण के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्राम कौवाताल में कैक्टस प्लांटेशन के पास श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण भी किया गया। गांवों में जल संकट की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए इस बार जल संरक्षण को लेकर वाटरशेड यात्र की नई शुरुआत की गई है। यह जागरूकता अभियान गांव–गांव जाकर लोगों को यह समझा रहा है कि कैसे जल संरक्षण को सरल और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर खेती में कम जल का उपयोग किया जा सकता है और फसल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। धान के बदले अन्य दलहन, तिलहन फसलों को उगाने प्रोत्साहन किया जा रहा हैं। वाटरशेड यात्रा सिर्फ सरकारी पहल नहीं है, बल्कि यह जन भागीदारी से चलने वाला अभियान है। ग्रामीण स्वयं आगे आकर जल संरक्षक दल बना रहे हैं, अपने खेतों में जल संधारण उपाय अपना रहे हैं और एक–दूसरे को इस मुहिम से जोड़ रहे हैं। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार नायक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर, परियोजना अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी धनेश्वर साय, डब्ल्यूसीडीसी स्तर से टेक्निकल एक्सपर्ट शुभम किंडो, स्व–सहायता समूहों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

